स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

दिनांक 03/09/2020

निगम की टीम ने कोसानगर बाजार को कराया बंद , निर्धारित समय समाप्त होने के बाद भी लग रहा था बाजार

भिलाई नगर। नगर निगम के जोन-1 की टीम ने कोसा नगर में निर्धारित समय समाप्त होने के बाद भी लग रहे बाजार को बंद करवाया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के आदेश की अवहेलना कर दोपहर 12:00 बजे के बाद भी शिव मंदिर के सामने बाजार लगा हुआ था और फुटकर व्यापारी पसरा लगाकर सब्जी भाजी बेच रहे थे। भीड़ की वजह से यहां कोविड - 19 की गाइडलाइन का पालन कराने निगम की टीम पहुंची थी। संक्रमण की स्थिति को देखते हुए निगम की टीम ने बाजार को बंद करवाने की कार्रवाई की। टीम के कर्मचारियों ने फुटकर व्यापारियों को निर्धारित समय अनुसार ही सब्जी विक्रय करने की समझाइश दी।

जनसंपर्क अधिकारी